हरिभूमि

# शौर्य भूमि

मंडला | अंजिनया | भुआबिछिया | बम्हनीबंजर | नैनपुर | निवास | बीजाडांडी

जबलपुर, रविवार 4 अक्टूबर 2026

login : www.haribhoomi.com



## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 6 अक्टूबर एवं मॉपअप दिवस 9 अक्टूबर को

**मण्डला।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डी.जे. मोहन्ती ने बताया कि भारत सरकार के निर्देशानुसार थ्रग क्लै जतंजमहल के अंतर्गत जिले में 6 अक्टूबर 2026, मंगलवार को राष्ट्रीय कृमिमुक्ति दिवस तथा 9 अक्टूबर 2026, शुक्रवार को मॉपअप दिवस आयोजित किया जाएगा। कृमि संक्रमण के कारण बच्चों के शारीरिक एवं बौद्धिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसके साथ ही संक्रमित बच्चों में पोषण एवं पोषक तत्वों के अवशोषण की क्षमता भी प्रभावित होती है। कृमिनाशन, कृमि संक्रमण की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा अनुशंसित एक साक्ष्य-आधारित प्रभावी रणनीति है। राष्ट्रीय कृमिमुक्ति अभियान के अंतर्गत जिले के स्वास्थ्य केंद्रों, शासकीय एवं निजी विद्यालयों, आदिवासी आश्रम शालाओं, महाविद्यालयों एवं तकनीकी शिक्षा संस्थानों, मदरसों, आंगनबाड़ी केंद्रों तथा किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 के अंतर्गत संचालित चाइल्ड केयर संस्थानों में 01 से 19 वर्ष आयु वर्ग के समस्त बच्चों को कृमिनाशक दवा का सेवन कराया जाएगा। इसी प्रकार आंगनबाड़ी केंद्रों एवं स्वास्थ्य केंद्रों पर 20 से 49 वर्ष आयु वर्ग की प्रजनन आयु की गैर-गर्भवती महिलाओं को भी कृमिनाशक दवा का सेवन कराया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जिले के समस्त अभिभावकों एवं जनसमुदाय से अपील की है कि अभियान दिवस पर पात्र बच्चों तथा गैर-गर्भवती महिलाओं को निर्धारित केंद्रों पर ले जाकर एल्बेंडाजोल की गोली का सेवन अवश्य कराएं।

## 36 करोड़ 17 लाख से अधिक की राशि का होगा वितरण

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव का मंडला आगमन आज

*** 9 लाख से अधिक तेंदूपत्ता संग्राहक होंगे लाभान्वित**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार, 4 अक्टूबर को मंडला प्रवास पर रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंडला में आयोजित प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति के सदस्यों हेतु प्रशिक्षण-सह-जागरूकता एवं प्रोत्साहन पारिश्रमिक राशि बोनस वितरण कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम में तेंदूपत्ता संग्राहकों को 36 करोड़ 17 लाख से अधिक की बोनस राशि वितरित की जाएगी, जिससे 9 लाख से अधिक तेंदूपत्ता संग्राहक लाभान्वित होंगे।

कार्यक्रम के दौरान 84 वन समितियों के सदस्यों को 26 करोड़ 56 लाख से अधिक का काष्ठ लाभांश भी वितरित किया जाएगा। यह कार्यक्रम तेंदूपत्ता संग्राहकों एवं वनोपज से जुड़े परिवारों के आर्थिक हितों को सुदृढ़ करने तथा उनके परिश्रम के सम्मान के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। मंडला जिले में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से जबलपुर, डिंडौरी, बालाघाट एवं सिवनी जिले के हितग्राही भी लाभान्वित होंगे।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव दोपहर 2:30 बजे हेलीकॉप्टर से मंडला हेलीपैड पहुंचेंगे। इसके पश्चात वे स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होकर तेंदूपत्ता संग्राहकों को बोनस राशि का वितरण करेंगे। कार्यक्रम के उपरांत मुख्यमंत्री शाम 4:50 बजे मंडला से जबलपुर के लिए रवाना होंगे।

### कार्यक्रम की तैयारियाँ पूर्ण

मुचख्यमंत्री के मंडला प्रवास एवं बोनस वितरण कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं। कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे एवं पुलिस अधीक्षक श्री राजेश रघुवंशी के नेतृत्व में आयोजन स्थल पर मंच, बैठक व्यवस्था, सुरक्षा, यातायात, पेयजल, विद्युत सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया गया है। संबंधित सेक्टर अधिकारियों को दायित्व सौंपकर व्यवस्थाओं की निरंतर निगरानी की जा रही है।

कार्यक्रम में तेंदूपत्ता संग्राहकों एवं प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के सदस्यों के लिए प्रशिक्षण-सह-जागरूकता गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी। मुख्यमंत्री द्वारा हितग्राहियों को बोनस एवं लाभांश राशि का वितरण किया जाएगा।





# मानिकपुर में 150 से ज्यादा गिद्धों का झुंड दिखा



*** ग्रीष्मकालीन गणना में सिर्फ 9 ही मिले थे।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

ग्रीष्मकालीन गणना में सिर्फ 9 ही मिले थे। पहली बार इतने सारे दिखे। बता दें कि पिछले कुछ सालों में गिद्धों की कई प्रजातियों की संख्या तेजी से कम हुई है। ऐसे में इतनी बड़ी संख्या में गिद्धों का एक साथ दिखना लोगों के लिए खास बन गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि पहले भी गिद्ध दिखते थे, लेकिन इतनी संख्या में पहली बार दिखे हैं। ग्रीष्मकालीन गणना में यहां सिर्फ 9 गिद्ध ही मिले थे।



### मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत एसडीएम ने किया विभिन्न संस्थानों का निरीक्षण



**मण्डला।** मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) घुघरी संस्कार बावरिया ने विकासखंड क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों का भ्रमण कर शासकीय योजनाओं एवं संस्थानों का निरीक्षण किया। इस दौरान ग्राम पंचायत गजराज स्थित आँगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया गया। केंद्र में 22 बच्चे उपस्थित मिले। एसडीएम ने बच्चों से संवाद कर नाश्ते एवं अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा बच्चों द्वारा सुनाई गई कविता भी सुनी। साथ ही बच्चों की उपस्थिति एवं वजन संबंधी अभिलेखों का परीक्षण किया गया। ग्राम पंचायत छतरपुर में शासकीय उचित मूल्य दुकान का निरीक्षण कर खाद्यान्न के स्टॉक, वितरण व्यवस्था एवं संबंधित अभिलेखों की जांच की गई। उपस्थित हितग्राहियों से खाद्यान्न वितरण एवं दुकान से संबंधित व्यवस्थाओं का फीडबैक भी लिया गया। इसी दौरान ग्राम छतरपुर में वीबी-जी-राम-जी योजना अंतर्गत स्वीकृत 'एक बगिया मां के नाम' हितग्राही कार्य का निरीक्षण किया गया। हितग्राही श्रीमती कलावती एवं शेरसिंह द्वारा 100 आम के पौधों के साथ अंतरवर्तीय फसल के रूप में सब्जियों की खेती की जा रही है। सभी पौधे जीवित एवं अच्छी स्थिति में पाए गए। एसडीएम ने हितग्राही की लगनशीलता की सराहना की। कृषि विभाग के सहयोग से कृषक शेरसिंह द्वारा 0.60 हेक्टेयर में की जा रही अश्वगंधा की खेती का भी अवलोकन किया गया। फसल वर्तमान में अंकुरण अवस्था में पाई गई। कृषि विभाग द्वारा फसल के विक्रय की व्यवस्था किए जाने संबंधी जानकारी दी गई।

## जादू-टोना के शक में हुई 80 वर्षीय वृद्ध की हत्या

*** 48 घंटे में पुलिस ने किया खुलासा, 60 साल का आरोपी गिरफ्तार।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



मंडला के भैंसवाही गांव में 80 साल के बुजुर्ग की हत्या का पुलिस ने 48 घंटे में खुलासा किया है। पुलिस ने इस मामले में 60 साल के धौकल धुर्वे को गिरफ्तार किया। आरोपी को शक था कि मृतक जादू-टोना करता था।

पुलिस को 29 सितंबर को सूचना मिली कि भैंसवाही निवासी सोहन सिंह सरौते घर में मृत मिले। उनके गले पर धारदार हथियार से वार के निशान थे। परिवार की शिकायत पर हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू हुई।

एसपी राजेश रघुवंशी ने बताया कि जांच में धौकल धुर्वे नाम के संदिग्ध की जानकारी मिली। पूछताछ में पहले उसने इनकार किया, पर घर से खून लगे कपड़े मिलने पर जुर्म कबूल किया।

### जादू-टोना से मवेशियों की मौत का था शक

आरोपी ने बताया कि उसे शक था कि सोहन सिंह के जादू-टोना से उसके मवेशियों की मौत हुई थी। 28 सितंबर की रात उसने बका से सोहन सिंह के गले पर वार किया। पुलिस ने हथियार जब्त कर उसे कोर्ट में पेश किया है।


### पंचायत उप-निर्वाचन के लिए 29 सितम्बर को सार्वजनिक अवकाश

**मण्डला।** जिले में पंचायत उप-निर्वाचन 2026 (पूर्वाद्ध) के तहत 29 सितम्बर मंगलवार को होने वाले मतदान को लेकर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने सम्बंधित क्षेत्र में सामान्य एवं सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। जारी आदेश के अनुसार, जनपद पंचायत नैनपुर के ग्राम पंचायत चंदियाजर, मवई के ग्राम पंचायत मवई, नारायणगंज के ग्राम पंचायत देवरीकला बीजाडांडी के ग्राम पंचायत चरगांवमाल में सरपंच के रिक्त पदों तथा जनपद पंचायत मण्डला के पंच पद के लिए मतदान कराया जाएगा।

# शुचि उपाध्याय इंडिया ए के बाद एम. पी. टीम में शामिल

*** 9 अक्टूबर से रायपुर में होगा टूर्नामेंट।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



मंडला जिले की शुचि उपाध्याय ने एक बार फिर क्रिकेट जगत में चयणकर्तायों को अपनी ओर आकर्षित किया है हाल ही में राष्ट्रीय स्तर पर बंगलौर में चल रहे केम्प के दौरान इंडिया ए की घोषित की गई वीमेन क्रिकेट टीम में मध्यप्रदेश के मंडला जिले की शुचि उपाध्याय शामिल रहीं जिसमें मल्टी डेज मैच में अपना प्रदर्शन कर 3 विकेट हासिल किया है, इंडिया ए ने मैच के तीसरे दिन ही जीत हासिल की है! इस सीरीज के बाद ही रायपुर छग में 9 अक्टूबर से आयोजित होने वाले cscs T 20 नेशनल क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए मध्यप्रदेश ने अपनी सीनियर महिला टीम घोषित की है जिसमें जबलपुर संभाग के मंडला जिले की शुचि शामिल होंगी जिसमें सभी क्रिकेट प्रेमियों की नजर रहेगी विदित हो कि बीते साल श्रीलंका में आयोजित श्रृंखला में इंडिया टीम में शामिल मंडला की शुचि चोट के कारण इंग्लैंड दौरे पर नहीं जा सकी थी लेकिन चोट से उबरने के बाद मध्यप्रदेश की ओर से घरेलू टूर्नामेंट का हिस्सा रहीं है.. मंडला के मैदान में लोकल टूर्नामेंट में मेकल एकेडमी से खेलते हुए अंतर्राष्ट्रीय मैदानों में अपनी फिरकी गेन्दबाजी के लिए पहिचान स्थापित करने वाली शुचि उपाध्याय को जबलपुर क्रिकेट संघ के अध्यक्ष निशीथ पटेल, सचिव धर्मेश पटेल, प्रशांत द्विवेदी, द्वारका मिश्रा, मनोज ठाकुर, आनंद रजक सहित,डी सी ए मंडला के अध्यक्ष भीष्म द्विवेदी, सचिव अजय मिश्रा, ललित शुक्ला, कमल जायसवाल, इम्तियाज़ अली, पंकज दुबे, अर्जुन भांडे, अक्छय चंद्रल,निशांत झा,बसंत ठाकुर, सत्यप्रकाश दुबे,शिवांशु तिवारी, फैजान खान सहित सभी खेल प्रेमियों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना सहित शुभकामनायें दी है।

**जनमांग** | परिवहन विभाग परमिट, फिटनेस और बीमा की करे जांच।

# बसों के दस्तावेजों की जांच को लेकर उठे सवाल

*** विशेष अभियान चलाने की हो रही मांग।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

**जिले में बस परिवहन व्यवस्था और यात्रियों की सुरक्षा को लेकर बसों के परमिट, फिटनेस, बीमा और अन्य आवश्यक दस्तावेजों की नियमित जांच किए जाने की मांग की जा रही है।**

बसों का किराया बढ़ने के बाद यात्रियों को परिवहन सेवाओं में आवश्यक सुविधाएं और सुरक्षा मानकों का भी लाभ मिलना चाहिए। यात्रियों को यह जानकारी आसानी से उपलब्ध होनी चाहिए कि जिस बस में वे सफर कर रहे हैं, उसके आवश्यक दस्तावेज वैध हैं या नहीं।

कुछ मामलों में एक वाहन के दस्तावेजों का उपयोग किसी अन्य वाहन के संचालन में तो नहीं किया जा रहा। कई मर्तबा ऐसे भी घटनाक्रम सामने आये हैं जब किसी विशेष आयोजन के लिये जा रही बसों के दस्तावेज उसके न होकर किसी ओर बस के होते हैं और फिर परेशानी बस में सफर करने वालों को होती है।



### बीमा और फिटनेस को लेकर यात्रियों की चिंता

यात्रियों के लिए वाहन का वैध बीमा, फिटनेस और परमिट होना महत्वपूर्ण है। आम यात्री सामान्यतः इन दस्तावेजों की जांच स्वयं नहीं कर पाता, इसलिए परिवहन विभाग द्वारा नियमित जांच की व्यवस्था प्रभावी रूप से लागू की जानी चाहिए। लोगों द्वारा यह भी सुझाव दिया जा रहा है कि जांच के दौरान बस के पंजीयन नंबर, वाहन के दस्तावेज और मौके पर मौजूद वाहन का मिलान किया जाए। इससे किसी भी प्रकार की दस्तावेज संबंधी गड़बड़ी की स्थिति सामने आने पर नियमानुसार कार्रवाई की जा सकेगी।

### एक माह तक विशेष जांच अभियान की मांग

बसों के अनियमित परिवहन से परेशान लोगों ने परिवहन विभाग एवं जिला प्रशासन और पुलिस विभाग से मांग की है कि जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में एक माह का विशेष जांच अभियान चलाया जाए। इस दौरान बसों के परमिट, फिटनेस, बीमा और अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच की जाए।बस स्टैंड के अलावा विभिन्न स्थानों पर खड़ी बसों के दस्तावेजों की भी जांच की जानी चाहिये। जांच का उद्देश्य यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और परिवहन व्यवस्था में पारदर्शिता बढ़ाना होना चाहिए। यदि जांच के दौरान किसी वाहन के दस्तावेजों में कमी या अनियमितता सामने आती है तो संबंधित नियमों के तहत कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि यात्रियों को भविष्य में अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।



# दुर्घटना संभावित स्थानों को चिन्हित करते हुये बनाये गति अवरोधक चंद दिनों में ही हुये गायब, क्या संबंधित विभाग जिला अधिकारी के आदेश पर मात्र औपचारिकता निभाने के लिये किया कार्य...?

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** निश्चित ही इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि जिला कलेक्टर जिले का प्रमुख अधिकारी होने के साथ साथ जिले का मुखिया कहा जाता है। वही दूसरी ओर जिले के अधीन रहने वाले सभी विभाग कलेक्टर के आदेश का पालन करना जरूरी समझा जाता है। मगर हमारे जिले में जिस तरह जिला कलेक्टर के आदेशो की संबंधित विभागों द्वारा धज्जियाँ उड़ते हुये देखी जाती है। वह चर्चा का विषय बनने से नही चूक पाती है..? इस सच्चाई को लेकर आमजन में यह चर्चा सुनाई देने से नही चूक पाती है कि या तो जिला कलेक्टर द्वारा आमजन के बीच वाही वाही लूटने के लिये आदेश दिये जाते है..? या फिर जिला कलेक्टर का आदेश उनके अधिनस्थ रहने वाले विभाग के अधिकारियों को कोई महत्व नही रखता है..। इसी का परिणाम है कि जिला कलेक्टर जारी किये जाने वाले आदेश मात्र अखबारों की सुर्खिया बनकर रहते हुये दिखाई देने से नही चूक पा रहे है..? यदि सच्चाई पर गौर किया जावे लगातार घटित हो रही सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिये कुछ माह पहले जिला कलेक्टर द्वारा खुद ही क्षेत्र का भ्रमण करते हुये नियम विरूद्ध दौड़ रहे वाहनों के खिलाफ अपनी आंखों के सामने कार्यवाही कराई गई थी। वही क्षेत्र के समस्त जिम्मेदार अधिकारियों से लेकर यातायात व परिवहन विभाग को कार्यवाही को भी इस तरह नियम विरूद्ध चलने वाले वाहनों के खिलाफ कार्यवाही के सख्त आदेश दिये गये थें। मगर यह आदेश मात्र अखबारों तक सीमित होकर रहते हुये देखा गया










और मनमाने तरीके चलने वाले इन वाहनों की स्थिति जहां की तहां दिखाई देने से नही चूक रही है। हाल यह बना हुआ है कि नगर में कोयला परिवहन करने वाले डम्फर जहां आज भी खुलेआम ओवर लोडिंग होकर दौड़ते हुये आसानी से देखे जा सकते है। इस तरह नियम विरूद्ध दौड़ने वाले इन वाहनों पर शायद ही कभी कार्यवाही होते हुये देखी गई हो और हाल यह बना हुआ है कि यह आदेश मात्र एक औपचारिकता पूर्ण प्रतीत होने से नही चूक पाया है...? कुछ इसी प्रकार से तेज ध्वनि वाले डीजे हो या फिर खेतो में पारली जलाने के आदेश की सच्चाई देखी जावे तो यह आदेश मात्र औपचारिकता पूर्ण साबित होने से नही चूक पाया था। इसी प्रकार से बीते हुये कुछ माह पहले जिला कलेक्टर सहित पुलिस अधीक्षक द्वारा क्षेत्र का भ्रमण करते हुये उन दुर्घटना संभावित स्थानयों को चिन्हित करते हुये यहां पर गति अवरोधक लगावाने की बात कही गई थी। इस तरह चिन्हित किये गये स्थानों पर जिला कलेक्टर के आदेश के बाद गति अवरोधक तो जरूर लगाये तो गये है। मगर उनकी सच्चाई इस तरह देखने मिल रही है कि मानों जिला अधिकारी के आदेश पर संबंधित विभाग द्वारा मात्र अपनी औपचारिकता पूर्ण की गई हो..? क्षेत्र में अलग अलग स्थानों की मुख्य सड़को पर लगाये गये इन गति अवरोधको की स्थिति इस तरह देखने मिल रही है कि वह अपना पहला जन्म दिवस मनाने में भी सफल नही हो पाये है और आमजन की जिन्दगी को सुरक्षित करने में सफल नही हो पाया और चंद दिनों में ही टूटकर गायब नजर आने से नही चूक रहे है। इस सच्चाई को लेकर आमजन के बीच फिर एक चर्चा सुनने मिलना आम बात हो गई है कि क्या जिला कलेक्टर का आदेश अन्य अधिनस्थ विभागो में लागू नही होता है या फिर वहा पर पदस्थ अधिकारी जिला अधिकारी के आदेश को महत्व नही देते है..? खैर सच्चाई जो भी हो मगर जिस तरह जिला कलेक्टर द्वारा जारी किये जाने वाले आदेशों को अधिनस्थ रहने वाले संबंधित विभागो द्वारा नजर अंदाज किया जाता है या फिर आदेश के पालन में मात्र औपचारिकता निभाई जाती है वह चर्चा का विषय बनने से नही चूक पा रहा है..?

## खबर संक्षेप



### भारत विकास परिषद की बैठक संपन्न

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** शुक्रवार की शाम नगर के शनि मंदिर तालाब परिसर मे भारत विकास परिषद शाखा के सदस्यों द्वारा पर्यावरण की रक्षा का संदेश देते हुये पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर आयोजित बैठक मे भारत को जानो प्रतियोगिता, गुरु वंदन छात्र वंदन एवं समूह गायन कार्यक्रमों के आयोजन पर रुपरेखा तैयार की गई। वही बैठक को सम्बोधित करते हुए शाखा अध्यक्ष मधुसूदन पटैल ने कहा कि हम सभी को संगठन की गतिविधियों को आगे बढ़ाते हुए आगामी कार्यक्रमों को विधिवत तैयारियो के साथ करना है। इस अवसर पर विनोद गुप्ता, संयोगिता शिवहरे, प्रसन्न दुबे, राजेंद्र गुप्ता, सुरेंद्र पटेल, तुलसी कांत श्रीवास्तव, सिराज अहमद सिद्धिकी, पवन राजोरिया, ऋषिराज ममार सहित अन्य लोग मौजूद थें।

### राष्ट्रपिता की जयंती पर रोटरी क्लब द्वारा चिकित्सालय में किया फल वितरण



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ गाडरवारा द्वारा स्थानीय सिविल अस्पताल मे मरीजो को फल वितरित किये गये। क्लब के अध्यक्ष शरद मौलासरिया ने कहा कि रोटरी क्लब हमेशा समाज सेवा से जुड़े कार्यों मे अग्रणी रहता है। पीडित मानवता की सेवा करना ही क्लब का उद्देश्य रहता है। इस अवसर पर क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### कल्याणपुर में स्वच्छता के लिये आयोजित की गई चित्रकला प्रदर्शनी



**हरिभूमि न्यूज/कल्याणपुर।** सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत बीते हुये दिवस जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत आने वाले ग्राम कल्याणपुर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पॉलिथीन के उपयोग एवं कचरा उत्पादन पर चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ओम प्रकाश कौरव ने विद्यार्थियों को बताया कि पॉलिथीन नष्ट नहीं होती है। इसके जलने से वातावरण प्रदूषित होता है। इस दौरान उन्होने कहा कि पालीथिंन गायों के द्वारा खाने पर उनका पाचन तंत्र खराब हो जाता है। इस मौक़े पर ग्राम के अशोक शुक्ला, श्याम लाल कुशवाहा, सत्य प्रकाश कौरव ,शैलेंद्र कोचर आदि उपस्थित रहे। शाला परिवार की ओर से आयोजन मे अवधेश कौरव एवं मनीष नेमा ने सहयोग किया गया।

### राष्ट्रीय मीन्स कम मेरिट छात्रवृत्ति हेतु चयन परीक्षा का आयोजन आज

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** क्षेत्र के शासकीय/ शासकीय अनुदान प्राप्त /स्थानीय निकायों द्वारा संचालित विद्यालयों में सत्र 2026-27 में कक्षा 8वीं में नियमित अध्ययनरत छात्र छात्राओं के लिए राष्ट्रीय मीन्स कम मेरिट छात्रवृत्ति चयन परीक्षा का आयोजन आज 4 अक्टूबर दिन रविवार को सुबह 10:45 बजे से क्षेत्र के साईंखेड़ा एवं चीचली विकासखंडों के परीक्षा केंद्रों पर किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार परीक्षा हेतु साईंखेड़ा ब्लॉक के लिए बीटीआई स्कूल गाडरवारा मे 370 एवं सांदीपनी शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय साईंखेड़ा मे 127 तथा चीचली ब्लॉक के लिए बनाए गए उत्कृष्ट विद्यालय चीचली में 339 तथा शा कन्या उ मा विद्यालय सालीचौका मे 177 एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करपगांव के केंद्र पर 156 छात्र छात्राएँ परीक्षा देंगे। इसके अलावा क्षेत्र के चाँवरपाठा ब्लॉक अंतर्गत बोहानी के राघव कृषि उ.मा. विद्यालय के केंद्र पर 188 छात्र छात्राएँ परीक्षा में शामिल होंगे।

# टीआई चौहान की टीम द्वारा अलग अलग जगहों से 11 आरोपियों के पास से जप्त की भारी मात्रा में अवैध शराब





**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** युवाओं में बढ़ती हुई नशे की लत से बाहर निकालने तथा मादक पदार्थों के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिये जिला पुलिस अधीक्षक डा. ऋषिकेश मीना द्वारा लगातार मुहिम चलाई जा रही है। इसी के चलते बीते हुये दिवस जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में गाडरवारा टीआई अशोक सिंह चौहान की टीम द्वारा क्षेत्र में अलग अलग जगहों पर कार्यवाही करते हुये 11 आरोपियों के पास से 206 पाव अवैध शराब जप्त करने में सफलता हासिल की गई है। इस संबंध में बताया जाता है कि जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना के निर्देशन में पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध विशेष अभियान "OPERATION EAGLE CLAW" चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत अवैध शराब के कारोबार में लिप्त व्यक्तियों की गतिविधियों एवं उनके संबंध में सूचनाएं एकत्रित करने हेतु मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया है। साथ ही पूर्व में अवैध शराब के प्रकरणों में पकड़े गए व्यक्तियों पर सतत निगरानी रखी जा रही है। इसी के चलते मुखबिरों से प्राप्त सूचनाओं एवं निगरानी के आधार पर अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही करते हुए धरपकड़ की जा रही है। इसी क्रम में बीते हुये दिनों गाडरवारा टीआई अशोक सिंह चौहान ने अपनी टीम के साथ थाना क्षेत्र के अंतर्गत अलग अलग जगहों पर छापा मार कार्यवाही करते हुये शराब के अवैध कारोबार से जुडे हुये 11 लोगों को पकड़ते हुये उनके पास से भारी मात्रा में अवैध शराब जप्त की गई। पुलिस द्वारा की गई ताबडतोड कार्यवाही के दौरान पकड़े गये आरोपियों में अर्जुन धानक निवासी पलोटन गंज, विकास पटैल निवासी पटना घघरौला, मनोज लोधी निवासी ग्राम सहावन सालीचैका, सुरेन्द्र कुमरे निवासी यशोदा नगर गाडरवारा, राहुल रजक निवासी महाराणा प्रताप वार्ड गाडरवारा, करन श्रीवास निवासी विवेकानंद वार्ड गाडरवारा, सूरज यादव निवासी पलोटन गंज, शिवम अहिरवार निवासी ग्राम आडेगांव सालीचैका, हल्के लोधी निवासी ग्राम छोटी बाबई, अतुल कुमार सिलावट निवासी रेता मोहल्ला सालीचैका एवं अभिषेक सिलावट निवासी ग्राम गरहा शामिल है। पुलिस द्वारा अपनी जानकारी में बताया गया है कि इन आरोपियों के पास से शराब जप्त करते हुये सभी के खिलाफ 34 आवकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।



# बसेडिया ने निराश्रित वृद्धजनों को वितरित की मच्छरदानी

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

चल रहे पितृ पक्ष के पावन अवसर पर नगर में सेवा की अनूठी मिसाल देखने को मिली है। समाजसेवी मुकेश बसेड़िया द्वारा 'सेवा ही सनातन का सच्चा धर्म ' के संकल्प को दोहराते हुए पुनीत कार्य किया गया है। बताया जाता है कि बसेड़िया ने क्षेत्र शनि मंदिर प्रांगण में बीते हुये दिवस बड़ी संख्या में एकत्रित हुए निराश्रित सहाराविहीन वृद्धजनों के बीच पहुंचकर उनका आत्मीय सम्मान किया और ढलती उम्र में उनके स्वास्थ्य व सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मच्छरदानियों का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि श्राद्ध पक्ष में बुजुर्गों की सेवा ही अपने पितरों को सच्ची श्रद्धांजलि है। वर्तमान में बदलते मौसम और मच्छरों के बढ़ते प्रकोप के कारण बुजुर्गों को मलेरिया और डेंगू जैसी गंभीर बीमारियों से बचाना बेहद जरूरी है। इसी उद्देश्य से शनि मंदिर प्रांगण में उपस्थित सभी दादा-दादी और बुजुर्गों को मच्छरदानी भेंट की गई है। इस सम्मान और उपहार को पाकर शनि मंदिर प्रांगण में मौजूद बड़ी संख्या में निराश्रित वृद्धजन भावुक हो उठे। बुजुर्गों ने समाजसेवी की इस संवेदनशीलता और सेवा भाव की हृदय से सराहना की और उन्हें दीर्घायु व सदैव तरक्की करने का ढेरों आशीर्वाद दिया।

# क्षेत्र में हुये विकास की सच्चाई, सड़क पर निकले गड्ढों में भैंसे लोरकर महसूस कर रही ठंडाई का अहसास



**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** निश्चित तौर से जब भी क्षेत्र में किसी बड़े नेताओं का आगमन होता है तो उनके द्वारा मंचों के माध्यम से यह बात कहते हुये सुना जाता है कि सरकार द्वारा क्षेत्र के विकास के लिये पैसा पानी की तरह बहाया जा रहा है और सरकार के प्रसास है कि क्षेत्र का ऐसा कोई गांव शेष न बचे तहां पर पक्की सड़क का आभाव रहे। गांवों से लेकर संपूर्ण प्रदेश के विकास को लेकर सरकार द्वारा हर वर्ष अपना खचाना खाली करने में कोई कसर नही छोड़ रही है तो दूसरी ओर कुछ वर्ष पहले नेताओं द्वारा हमारे प्रदेश की सड़को की उपमा अमरीका की सड़को से करने में भी कसर नही छोड़ी गई थी..? वैसे भी देखा जावे तो इन नेताओं की बातों से इंकार इसलिये नही किया जा सकता है। क्योंकि क्षेत्र की सड़को का विकास कागजों पर तो चलते हुये सरकार धन खर्च हो रहा है और इसी का परिणाम है कि शायद सरकार द्वारा क्षेत्र के विकास की गंगा बहाने के बाद अब उन मूक पशुओं के प्रति इस तरह की सोच बनाई गई होगी कि जब यह मवेशी तेज धूप के बीच खेतों में आहार ग्रहण करते है तो निश्चित ही वह सूरज की तपन से बेहाल होने से नही बच सकते है। शायद उन्हें ही ठंडक पहुंचाने के लिये कोई नही योजना शुरू कर डाली हो...? क्योंकि सरकार द्वारा चलाये जाने वाली योजना को आम जनता तक जानकारी जब पहुंच पाती है जब तक योजना समाप्त हो चुकी होती है..? इस तरह विकास वादी सरकार के वादों से संबंधित सच्चाई की पोल निश्चित तौर यह तस्वीर खोलने से नही चूक पायेगी..? बताया जाता है कि क्षेत्र के अनेक गांवों की सड़को का हाल इस तरह हो चुका है कि उस पर वाहन चलने की बात तो दूर पैदल चलना मुश्किल होने लगा है और हाल इस तरह बना हुआ है कि सड़क पर निकलते हुये गड्ढों में अब भैसो लोरकर सूरज की तपन में ठंडाई का अहसास करने से नही चूक रही है? जिस तरह लोगों को एक कहावत करते हुये सुना होगा कि अब तो गई भैंस पानी में...? इसी तरह क्षेत्र के विकास की सच्चाई की असलियत भी अब गई भैंस पानी में जाते हुये दिखाई देने से नही चूक रही है...?



# नगर सहित क्षेत्र के कुल 38 विद्यालयों में संपन्न हुई भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा शनिवार को आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में 27 शासकीय एवं 11 अशासकीय विद्यालयों के छात्र सम्मिलित हुए। बताया जाता है कि विद्यार्थियों में नैतिक, चारित्रिक, सांस्कृतिक स्थापना से व्यक्तित्व निर्माण एवं प्रतिभा परिष्कार द्वारा सुसंस्कृत पीढी निर्माण के उद्देश्य से यह परीक्षा प्रतिवर्ष भारत व नेपाल में आयोजित की जाती है। गायत्री परिवार की सभी शाखाएं अपने अपने स्तर से विद्यालयों में सम्पर्क कर प्राचार्यों की सहमति से एक शिक्षक को परीक्षा प्रभारी चयनित करते हैं। परीक्षा प्रभारी से सतत सम्पर्क से परीक्षा कराई जाती है। जानकारी के अनुसार इस वर्ष गायत्री परिवार शाखा गाडरवारा द्वारा 38 विद्यालयों में परीक्षा संपन्न कराई गई। जिसमें लगभग 24 सौ विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस परीक्षा में सर्वाधिक 430 विद्यार्थी हायर सेकंडरी स्कूल रायपुर परीक्षा प्रभारी प्राचार्य गजेन्द्र कौरव के मार्गदर्शन में तथा द्वितीय स्थान पी एम श्री नवोदय विद्यालय बोहानी से 222 विद्यार्थी शिक्षक मनोज दुबे के मार्गदर्शन में सम्मिलित हुए। परीक्षा के प्रचार प्रसार में नवीन माध्य शाला सागई से शिक्षक मधुसूदन पटेल , प्रबंध ट्रस्टी एम एल शर्मा, सुरेश गुप्ता एवं परिव्राजक मूलचंद पटेल का योगदान रहा। वही परीक्षा प्रबंधन समिति के सदस्य विनोद श्रीवास्तव, राजेश कुमार कौरव एवं डॉ राजेन्द्र दुबे द्वारा सभी विद्यालयों के सहयोग पर धन्यवाद ज्ञापित किया साथ ही ऋषिप्रणीत संस्कारों एवं जीवन मूल्यों के बीजारोपण हेतु समय दान, श्रमदान करने पर प्रसन्नता जताई।

# सांईखेड़ा में बस यात्रियों को बारिश हो या फिर गर्मी से बचने के लिए नहीं है कोई साधन

**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।** क्षेत्र में लगातार हो रही विकासों के बाद भी जब आमजन को जरूरी सुविधाओं के आभाव में परेशान होना पड़तो निश्चित तौर से विकास कार्यो की सच्चाई सबालों के घेरे में आने से नही चूक पाती है..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई दादा धूनी वालों की नगरी में देखने मिल रही है। बारिश का सीजन हो या फिर गर्मी के दिन मगर बस यात्रियों को खुले मैदान में खड़े होकर ही बसों का इंतजार करते हुये देखा जाता है। कहने के लिये दादा नगरी को भले ही सांईखेड़ा को तहसील का दर्जा मिलने के साथ साथ यहां पर नगर पंचायत, महाविद्यालय के आलवा अन्य सुविधाये मिल चुकी है मगर बस यात्रियों के लिये कोई ठोर ठिकाना नही मिल पाया है?



इस तरह दादाधूनी वालों के नगर में बस स्टेन्ड के आभाव के चलते जहं बसयात्रियों को गर्मी के सीजन में तपती हुई धूप तो बारिश के सीजन में भीगते हुये अनेक प्रकार की परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ता है। वही गर्मी के दिनों में तेज धूप के चलते खुले मैदान में खड़े होकर बसों का इंतजार करते हुए देखा जाता है। इस नगर में देखा जाता है कि बाहर से आने वाले यात्री पानी और छॉव की तलाश में इतने बडे नगर में किसी भी प्रकार से बस स्टेन्ड नही होने के कारण बस यात्रियों को सदा ही परेशान होते हुए आसानी से देखे जा सकते है? क्योंकि साईंखेड़ा में स्थाई बस स्टेण्ड एवं यात्री प्रतीक्षालय की सुविधा न होने से यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जबकि क्षेत्र की सच्चाई पर गौर किया जावे तो नर्मदा नदी के झिकोली पर पुल का निर्माण होने के कारण जहां यह क्षेत्र प्रदेश की राजधानी भोपाल से जुड गया है जिसके चलते यहॉ से प्रतिदिन गाडरवारा, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिलवानी, शालाबरू,उदयपुरा, मेहरागॉव, सिरसिरी, रायसेन, भोपाल सहित अनेको यात्री बसे निकलते है एवं झिकोली के लिये लगभग 25 टायमिंग बसे निकलती है, परन्तु विभिन्न स्थानों के लिये जाने वाले बसयात्रियों को बसों के इंतजार के लिये सड़क पर पेड़ के नीचे या चाय पान की दुकानों पर बैठना पड़ता है। इस स्थिति में प्रमुख रूप से देखा जावे तो महिला बस यात्रियों के लिये ऐंसी स्थिति में सर्वाधिक परेशानी होती है, जिसमें यहां पर स्थापित ब्लाक कार्यालय, उत्कृष्ठ विद्यालय सहित महाविद्यालय की स्थापना हो जाने के कारण अनेक महिलाओं के आलवा छात्राओं द्वारा बसो के माध्यम से ही आना जाना किया जाता है। मगर वह बस स्टेण्ड पर न होने के कारण यहां वहां भटकते हुए देखी जाती है। वही दूसरी ओर न तो महिलाओं के लिए यहां पर शौचालय है और न ही प्रसाधन की कोई सुविधा है। इस प्रकार के सच्चाई के चलते स्थानीय लोगो का कहना है कि यदि मवेशी बाजार क्षेत्र में यदि एक सुविधा युक्त बस स्टेण्ड बना दिया जाये तो नगरवासियों के लिये एक बड़ी सौगात मिल जायेगी।

## खबर संक्षेप

### गांधी जयंती पर अनूपपुर थर्मल की पहल, दो कौशल विकास केंद्र शुरू

**अनूपपुर/ कोतमा।** गांधी जयंती के अवसर पर अनूपपुर थर्मल द्वारा स्थानीय युवाओं के कौशल विकास और रोजगार क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से दो अदाणी कौशल विकास केंद्रों का शुभारंभ किया गया। दोनों केंद्रों में युवाओं को उद्योग की जरूरतों के अनुरूप व्यावहारिक एवं रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण दिया जाएगा। पहले कौशल विकास केंद्र का शुभारंभ कोतमा के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व टीआर नाग की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार दशरथ सिंह, बिजुरी थाना प्रभारी विकास सिंह, जिला पंचायत सदस्य रिंकू मिश्रा सहित उमरदा, मझौली, गुलीडांड और कोठी के सरपंच-उपसरपंच, जनप्रतिनिधि, सामुदायिक हितधारक एवं अनूपपुर थर्मल के अधिकारी मौजूद रहे। इस केंद्र में स्थानीय युवाओं को बार बेंडिंग, कारपेंटरी और इलेक्ट्रिशियन ट्रेड में प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के संचालन में अमारा राजा, शापूरजी एवं एपेक्स की टीमों द्वारा तकनीकी और कार्यान्वयन सहयोग दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के लिए प्रारंभिक तौर पर 35 स्थानीय युवाओं की सूची प्राप्त हुई थी। उद्घाटन के दिन 22 अभ्यर्थियों ने इलेक्ट्रिशियन और कारपेंटरी ट्रेड में अपना पंजीयन पूरा किया। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने युवाओं को प्रशिक्षण को गंभीरता से पूरा करने तथा प्राप्त कौशल का उपयोग रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर हासिल करने में करने के लिए प्रेरित किया।

## कई समस्याओं का मौके पर निराकरण, हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ

# करंजिया में सरकार आपके द्वार शिविर में 328 आवेदन प्राप्त





**डिंडौरी।** सेवा संकल्प अभियान के तहत शनिवार को करंजिया में 'सेवा सेतु अभियान-सरकार आपके द्वार' शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। कुल 328 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें कई का मौके पर निराकरण किया गया। शेष आवेदनों के लिए समय-सीमा निर्धारित कर अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने कहा कि अभियान का उद्देश्य प्रशासन को ग्रामीणों के द्वार तक पहुंचाकर उनकी समस्याओं का स्थानीय स्तर पर समाधान करना है। उन्होंने अधिकारियों को पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। शिविर में विभिन्न विभागों की योजनाओं के तहत हितलाभ वितरित किए गए। ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 5 स्व-सहायता समूहों को 15.50 लाख रुपये का सीसीएल, 6 किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड सहित कृषि, पेंशन, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास तथा अन्य योजनाओं का लाभ दिया गया।इस दौरान पुलिस अधीक्षक आशीष खरे ने ग्रामीणों को साइबर अपराध एवं नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया। वहीं, गोरखपुर स्थित आवासीय बालिका छात्रावास में करीब 50 छात्राओं को 'Soles for Souls' पहल के तहत जूते-मौजे वितरित किए गए। कलेक्टर ने छात्राओं से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और आरओ मशीन लगाने के निर्देश दिए।शिविर में जिला पंचायत सीईओ दिव्यांशु चौधरी, डीएफओ अशोक कुमार सोलंकी, जनपद अध्यक्ष राजू सिंह उइके सहित अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। 4 अक्टूबर को नगरीय क्षेत्रों में इसी अभियान के तहत शिविर आयोजित किए जाएंगे।

## संभाग स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता संपन्न



**डिंडौरी।** शालेय खेल कैलेंडर 2026-27 के तहत उत्कृष्ट विद्यालय खेल मैदान समनापुर में 2 एवं 3 अक्टूबर को संभाग स्तरीय 17 वर्ष बालक-बालिका कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई। कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन एवं सहायक आयुक्त राजेंद्र कुमार जाटव के मार्गदर्शन में आयोजित प्रतियोगिता में मंडला, डिंडौरी, बालाघाट, सिवनी एवं छिंदवाड़ा जिले की टीमों ने हिस्सा लिया।प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल और खेल भावना का प्रदर्शन किया। बालक वर्ग में छिंदवाड़ा तथा बालिका वर्ग में मंडला की टीम विजेता रही।
प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर डिंडौरी जिले के पांच छात्र-छात्राओं का राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया है। चयनित खिलाड़ी 5 एवं 6 अक्टूबर को सैलाना (रतलाम) में आयोजित बालक वर्ग तथा नर्मदापुरम में आयोजित बालिका वर्ग की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।आयोजन के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष चमरू नेताम, हेम सिंह राजपूत, जय सिंह, भारत सिंह, बीईओ जैमल कुशरे, प्राचार्य अजय मरकाम सहित गणमान्य नागरिक एवं खेलप्रेमी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में जिले के खेल शिक्षकों एवं विभिन्न जिलों से आए दल प्रबंधकों का सहयोग रहा।

## मतगणना के बाद विजयी अभ्यर्थियों को सौंपे गए प्रमाण-पत्र

### पंचायत उप निर्वाचन 2026 की निर्वाचन प्रक्रिया पूरी



**डिंडौरी।** जिले में पंचायत उप निर्वाचन 2026 के तहत निर्धारित पदों के लिए हुए मतदान के बाद शनिवार को मतगणना का कार्य राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न हुआ। मतगणना पूर्ण होने के बाद संबंधित निर्वाचन परिणाम घोषित किए गए तथा विजयी अभ्यर्थियों को संबंधित जनपद पंचायत के रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।जनपद पंचायत करंजिया के क्षेत्र क्रमांक-10 में जनपद सदस्य पद पर बिसाहू सिंह मरकाम ने 1571 मत प्राप्त कर 460 मतों के अंतर से विजय हासिल की। ग्राम पंचायत गोपालपुर में सरपंच पद पर सरस्वती पन्द्राम 475 मत प्राप्त कर 298 मतों के अंतर से विजयी रहीं। इसी प्रकार जनपद पंचायत समनापुर की ग्राम पंचायत कोकोमटा में सरपंच पद पर रामकिशन धुर्वे ने 418 मत प्राप्त कर 185 मतों के अंतर से जीत दर्ज की। वहीं जनपद पंचायत अमरपुर की ग्राम पंचायत बोधघुंडी में निर्मल बाई 337 मत प्राप्त कर 184 मतों के अंतर से सरपंच निर्वाचित हुईं।मतगणना केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के साथ आवश्यक इंतजाम किए गए थे। पूरी निर्वाचन प्रक्रिया राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप संपन्न कराई गई। पंचायत उप निर्वाचन 2026 को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में निर्वाचन कार्य से जुड़े अधिकारी-कर्मचारियों, मतदान एवं मतगणना दलों, सुरक्षा बलों तथा अन्य संबंधितों का सहयोग रहा।

## कलेक्टर ने मूसामुंडी व गाड़ासरई में निर्माण कार्यों का लिया जायजा



**डिंडौरी।** कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने शनिवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर निर्माण कार्यों एवं शैक्षणिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने ग्राम पंचायत मूसामुंडी में निर्माणाधीन सामुदायिक भवन तथा गाड़ासरई में बन रहे फिश पार्लर का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए।इस दौरान पुलिस अधीक्षक आशीष खरे, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिव्यांशु चौधरी एवं डीएफओ अशोक कुमार सोलंकी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। सेवा संकल्प अभियान के तहत नवाचार के रूप में नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय बालिका छात्रावास, गोरखपुर में कक्षा 6वीं से 8वीं तक अध्ययनरत करीब 50 छात्राओं को 'Soles for Souls' पहल के तहत जूते-मौजे वितरित किए गए। कलेक्टर ने छात्राओं से पढ़ाई एवं छात्रावास की व्यवस्थाओं को लेकर संवाद किया और उनकी आवश्यकताओं एवं समस्याओं के बारे में जानकारी ली।छात्राओं ने विद्यालय में पेयजल सुविधा के लिए आरओ मशीन लगाए जाने की मांग रखी। कलेक्टर ने मांग को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र आरओ मशीन स्थापित कराने के निर्देश दिए।उन्होंने छात्राओं से उनकी रुचि एवं भविष्य की योजनाओं के संबंध में भी चर्चा की तथा उन्हें अपनी रुचि और क्षमता के अनुरूप शिक्षा एवं करियर के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

## आंगन मिलन समारोह में हितग्राहियों से विधायक ने किया संवाद



**शहपुरा।** महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला डिंडोरी के अंतर्गत परियोजना शहपुरा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मोत्सव के अवसर पर 'सेवा ही संकल्प' कार्यक्रम के तहत आंगन मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक ओमप्रकाश धुर्वे उपस्थित रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद सरस्वती वंदना हुई। परियोजना अधिकारी रितेश पटेल ने आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से संचालित योजनाओं एवं गतिविधियों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया।इस अवसर पर विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने आंगनबाड़ी केंद्रों के हितग्राहियों से संवाद किया। उन्होंने बच्चों, महिलाओं एवं अन्य हितग्राहियों से विभागीय योजनाओं तथा आंगनबाड़ी केंद्रों में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। साथ ही हितग्राहियों की समस्याएं एवं सुझाव भी सुने।कार्यक्रम के दौरान विभिन्न शासकीय योजनाओं के अंतर्गत आंगनबाड़ी हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए गए। वहीं, उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को अतिथियों द्वारा सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। आंगन मिलन समारोह का उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों से जुड़े हितग्राहियों, कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर संवाद स्थापित करना तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र लोगों तक पहुंचाना रहा।कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष प्रियंका, नगर पंचायत उपाध्यक्ष मुकेश साहू, भाजपा जिला महामंत्री बद्री साहू, जिला उपाध्यक्ष ज्ञानदीप त्रिपाठी, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष कीर्ति गुप्ता, मंडल अध्यक्ष भजन चक्रवर्ती, हीरेंद्र मरावी, राजेंद्र तिवारी, डॉ. श्वेता जैन, वरिष्ठ भाजपा नेता कमल अग्रवाल, नितिन गुप्ता, पार्षद सुरेंद्र साहू, देवेंद्र बनवासी, रामलाल रजक सहित बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं एवं हितग्राही उपस्थित रहे।

## स्वच्छता, वृक्षारोपण और बाल चौपाल से शुरू हुआ आंगन मिलन सेवा अभियान



**डिण्डौरी।** कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के निर्देश एवं प्रभारी परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती पुष्पलता मरावी के मार्गदर्शन में आकांक्षी विकासखंड बजाग में तीन दिवसीय 'आंगन मिलन सेवा' कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। पर्यवेक्षक श्रीमती तबस्सुम खान के नेतृत्व में सेक्टर लालपुर एवं हर्रा के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं।अभियान का उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों को सामुदायिक सहभागिता का केंद्र बनाना तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना है। कार्यक्रम के पहले दिन स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और बाल संवाद पर विशेष जोर दिया गया।आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं स्थानीय महिलाओं ने केंद्र परिसर, रसोई और शौचालय की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया तथा स्वच्छता की शपथ ली। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत आंगनबाड़ी परिसरों में फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया और उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया।

### बाल चौपाल में बच्चों से संवाद

बाल चौपाल के माध्यम से बच्चों से संवाद कर उन्हें पौष्टिक आहार, हाथ धोने की सही आदत एवं खेल-खेल में शिक्षा के महत्व की जानकारी दी गई। बच्चों को स्वस्थ एवं स्वच्छ जीवनशैली अपनाने के लिए भी प्रेरित किया गया।पर्यवेक्षक श्रीमती तबस्सुम खान ने बताया कि अभियान के आगामी दिनों में पोषण परामर्श, गृह भेंट, सखी सम्मेलन सहित विभिन्न समुदाय आधारित गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इन गतिविधियों के माध्यम से आंगनबाड़ी केंद्रों के प्रति समुदाय की सहभागिता और विश्वास बढ़ाने तथा कुपोषण मुक्त बजाग की दिशा में प्रयास किए जाएंगे।कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं, आशा सहयोगिनी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं।

## स्वच्छता अभियान से पुष्पराजगढ़ विकास मंच ने दिया व्यवस्था का संदेश

**अनूपपुर।** गांधी जयंती के अवसर पर पुष्पराजगढ़ विकास मंच की अगुवाई में स्वच्छता एवं जनजागरूकता अभियान आयोजित किया गया। अभियान का उद्देश्य क्षेत्र में स्वच्छता के साथ-साथ सार्वजनिक व्यवस्था और नागरिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा है। अभियान में ग्राम पंचायत किरगी, स्थानीय प्रशासन, जनपद पंचायत, स्वास्थ्य विभाग, व्यापारी वर्ग, पत्रकारों एवं आम नागरिकों ने सहभागिता की है। अभियान के दौरान पुष्पराजगढ़ बस स्टैंड, मुख्य बाजार, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और हाट बाजार क्षेत्र में साफ-सफाई की गई है। मंच के सदस्यों ने दुकानदारों और व्यापारियों से दुकानों के सामने डस्टबिन रखने तथा नागरिकों से सार्वजनिक स्थानों पर कचरा नहीं फेंकने की अपील की है। स्वच्छता अभियान में योगदान देने वाले सफाई कर्मियों का सम्मान कर उनके श्रम के प्रति आभार व्यक्त किया गया है। मंच ने कहा कि स्वच्छ और स्वस्थ समाज के निर्माण में सफाई कर्मियों की भूमिका महत्वपूर्ण है और उनके कार्य का सम्मान करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है।

# नशामुक्त भारत के संदेश से गूंजा महाविद्यालय



**अमरपुर। सेवा संकल्प अभियान-2026 के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती एवं नशामुक्त पखवाड़े के अवसर पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य संदीप सिंह के निर्देशन एवं रासेयो कार्यक्रम प्रभारी डॉ. सीमा डावर के मार्गदर्शन में किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर की गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों को गांधीजी के सत्य, अहिंसा, स्वच्छता, आत्मानुशासन और समाज सेवा के आदर्शों से प्रेरित करते हुए नशे जैसी सामाजिक बुराई के खिलाफ जागरूक किया गया।**

कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों के लिए 'नशामुक्त भारत' विषय पर पोस्टर निर्माण, निबंध लेखन एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विद्यार्थियों ने पोस्टरों के माध्यम से 'नशे से दूरी है जरूरी', 'नशामुक्त युवा-सशक्त भारत' और 'स्वस्थ युवा-समृद्ध भारत' जैसे संदेश दिए। निबंध प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने नशे के कारणों, स्वास्थ्य एवं परिवार पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों, सामाजिक समस्याओं और नशामुक्ति के उपायों पर अपने विचार व्यक्त किए।वाद-विवाद प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने नशे की समस्या के विभिन्न सामाजिक पहलुओं पर तथ्यपूर्ण एवं तार्किक विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर शिक्षा, कौशल, खेल, सेवा और राष्ट्र निर्माण की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों को स्वयं नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार, मित्रों एवं समाज को भी नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्मअनुशासन, सामाजिक जिम्मेदारी और सकारात्मक बदलाव की भावना विकसित करना रहा।इस अवसर पर रामकुमार टेकाम, आशीष कुमार मरावी, डॉ. सुनील काकोड़िया, डॉ. निगहत खान, डॉ. राकेश कुमार पटले सहित कर्मचारी ऋचा जंघेला, सुमनला मरावी, कांति धुर्वे, आरती मरावी, सूरजवती, खुशी व्याम, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## सरकार आपके द्वार अभियान में ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर निराकरण



**डिंडौरी।** सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत संचालित 'सेवा सेतु अभियान-सरकार आपके द्वार' के तहत शनिवार को अमरपुर में शिविर आयोजित किया गया। शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे की उपस्थिति में आयोजित शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं एवं राजस्व संबंधी प्रकरणों के निराकरण की कार्यवाही की गई। साथ ही पात्र हितग्राहियों को शासन की विभिन्न सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराया गया।विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने कहा कि सेवा सेतु अभियान का उद्देश्य शासन की योजनाओं एवं सेवाओं को ग्रामीणों तक सहजता से पहुंचाना है। दूरस्थ एवं वनग्रामों के लोगों को समस्याओं के निराकरण के लिए कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, इसके लिए शिविरों के माध्यम से मौके पर ही आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्राथमिकता है।शिविर के दौरान तीन वनग्रामों के छह हितग्राहियों के फौती नामांतरण संबंधी प्रकरणों का निराकरण किया गया। प्रकरणों के निराकरण के बाद संबंधित हितग्राहियों को उपस्थित जनप्रतिनिधियों के माध्यम से भू-अधिकार पुस्तिकाएं वितरित की गईं। इसके अलावा ग्रामीणों से प्राप्त राजस्व संबंधी प्रकरणों एवं अन्य समस्याओं पर भी आवश्यक कार्यवाही की गई।शिविर में एसडीएम डिंडौरी रामबाबू देवांगन, डिप्टी कलेक्टर प्रियांशी जैन सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन एवं संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शिविरों में एक ही स्थान पर मिल रही विभिन्न शासकीय सेवाएं: कलेक्टर

## योजनाओं के हितग्राहियों को वितरित किया हितलाभ

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान एवं सेवा सेतु अभियान के तहत शनिवार को जनपद पंचायत चावरपाठा की ग्राम पंचायत चावरपाठा में जनसंवाद एवं हितलाभ वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में तेंदूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता राजेन्द्र ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधि कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में अतिथियों ने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी दी। विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों के माध्यम से नागरिकों को योजनाओं की जानकारी देने के साथ पात्र हितग्राहियों का पंजीयन एवं आवश्यक कार्यवाही की गई। शिविर में आधार संबंधी सेवाएं भी उपलब्ध कराई गईं।





### योजनाओं का दिया जा रहा लाभ

कलेक्टर श्रीमती सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान का उद्देश्य नागरिकों को शासन की योजनाओं और सेवाओं का लाभ लेने के लिए जिला मुख्यालय आने की आवश्यकता को कम करना है। ग्राम एवं जनपद स्तर पर शिविर आयोजित कर स्थानीय स्तर पर ही नागरिकों की समस्याओं का समाधान और पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिले में सेवा संकल्प अभियान और सेवा सेतु अभियान भी संचालित किए जा रहे हैं। इन अभियानों के माध्यम से नागरिकों से आवेदन प्राप्त कर उनका प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शिविरों में ई-केवायसी, नवीन आधार कार्ड बनाने एवं आधार कार्ड में संशोधन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने प्रधानमंत्री मानधन योजना की जानकारी देते हुए बताया कि संबल योजना के अंतर्गत पंजीकृत 18 से 40 वर्ष आयु के पात्र हितग्राहियों के मानधन योजना के तहत खाते खुलवाए जा रहे हैं। योजना के अंतर्गत 60 वर्ष की आयु के बाद 3 हजार रुपये प्रतिमाह पेंशन का लाभ प्राप्त हो सकेगा।

### 8 स्व सहायता समूहों को हितलाभ वितरित

कार्यक्रम में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए गए। 8 स्वसहायता समूहों की महिलाओं को कुल 32 लाख 50 हजार रुपये के चेक प्रदान किए गए। डॉ. भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना के तहत श्री संदीप मिश्रा को 9 लाख रुपये का हितलाभ प्रदान किया गया। 33 नागरिकों को आधार संबंधी सेवाओं का लाभ मिला। अतिथियों ने प्राकृतिक खेती करने वाले 5 कृषकों एवं 2 कृषि सखियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के तहत 3 हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए गए। कार्यक्रम में 8 किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड, 2 किसानों को स्प्रे पंप, 2 बालिकाओं को लाड़ली लक्ष्मी योजना का लाभ तथा 3 हितग्राहियों को पीएमएफएमई योजना के तहत लाभांवित किया गया। उत्कृष्ट कार्य करने वाली 3 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को भी प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। शिविर में कुल 230 लोगों की हुई स्वास्थ्य संबंधी जांचें की गई।

### शिविर के दौरान प्राप्त हुए 1033 आवेदन


मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान एवं सेवा सेतु अभियान के अंतर्गत आयोजित शिविर में नागरिकों से विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं से संबंधित कुल 1033 आवेदन प्राप्त किए गए। प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभागों को सौंपकर नियमानुसार निराकरण की कार्रवाई की जा रही है। शिविर में समग्र आईडी एवं ई-केवायसी, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, पशुपालन विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा सामाजिक न्याय विभाग सहित विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए। इन स्टॉलों के माध्यम से नागरिकों को विभागीय योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी दी गई। पात्र हितग्राहियों का पंजीयन करने के साथ ही अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नागरिकों को योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया।

## सेवा सेतु अभियान एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। जनपद पंचायत करेली में सेवा सेतु अभियान एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिज्ञा परिहार की उपस्थिति में विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों से संवाद किया गया। इस दौरान अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने हितग्राहियों की समस्याएं सुनीं तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं आवश्यकताओं से संबंधित विषय जनप्रतिनिधियों के समक्ष रखे। पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्राथमिकता है। जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिज्ञा परिहार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं एवं शासन की योजनाओं की पहुंच बढ़ाने के लिए इस प्रकार के शिविर महत्वपूर्ण हैं। उक्त जानकारी देते हुए विधायक मीडिया प्रभारी वैभव नेमा ने बताया कि समस्त विभागों से संबंधित अधिकारियों ने स्टाल के माध्यम से हितग्राहियों से संवाद किया एवं स्वास्थ्य शिविर में चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा उपस्थित लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जरूरत के अनुसार परामर्श एवं दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। साथ ही पात्र हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं से जोड़ने के लिए आवश्यक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जनपद पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी, स्वास्थ्य विभाग की टीम, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## पुस्तक रामरस का विमोचन



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। श्रीराम के जीवन, आदर्शों और मानवीय मूल्यों पर आधारित काव्य पुस्तक 'रामरस' का आनलाइन मोड पर विमोचन किया गया। लेखक ललित श्रीवास्तव द्वारा उक्त पुस्तक में भगवान के आदर्श एवं श्रीराम के आदर्शों, मर्यादा, त्याग, प्रेम, कर्तव्य, संघर्ष और मानवीय संवेदनाओं को काव्य के माध्यम से प्रस्तुत करने वाली यह पुस्तक पाठकों को श्रीराम के जीवन-दर्शन से जोड़ने का प्रयास करेगी। 'रामरस' के माध्यम से पाठकों को श्रीराम के आदर्शों के करीब लाने और उनके जीवन-मूल्यों को समझने का प्रयास किया गया है। एवं रामायण के अलग अलग पात्रों की भूमिका एवं योगदान पर प्रकाश डालती हुई कवितायें पाठकों को रामरस में मिलेंगी, इस पुस्तक को सोच पब्लिकेशन हॉउस द्वारा प्रकाशित किया जा रहा है।

## बिना पंजीयन के चलाई जा रही क्लीनिक




हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। जिले मे ग्रामीणों पर नीम हकीमों का मकड़जाल फैला हुआ है प्रत्येक गांव में एक या दो नीम हकीम जरूर होते है। जिनके पास ना तो वैद्य डिग्री होती है और ना ही को प्रमाण पत्र ना ही अनुभव होता है। ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकांश झेला छाप डाक्टरों को बोलबाला है। जो बिना किया पंजीयन व योग्यता के क्लीनिक का संचालन करते रहते है। जिले के प्रत्येक गांव में एक से दो झोलाछाप डॉक्टर मिल जायेगे। इसी क्रम में ग्राम नयागांव बिना पंजीयन के पैथोलॉजी के संचालन की जानकारी प्राप्त हुई कि मां नर्मदा स्वास्थ्य केन्द्र नयागांव के नाम से पैथोलॉजी खोली गई। वही उक्त डॉक्टर द्वारा ग्राम महादेव पिपरिया में क्लीनिक का संचालन भी किया जा रहा है। प्रशासन को चाहिए की ऐसे झोलाछाप डॉक्टर पर ठोस कार्रवाई की जाए।

## सच्चिदानंद आश्रम में गांधी जयंती समारोह का आयोजन



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। शांति के संदेशवाहक, सत्य के उपासक और अहिंसा के पुजारी महात्मा गांधी की जयंती सच्चिदानंद आश्रम में समन्वय परिवार की ओर से हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विश्व शांति के लिए गांधीवादी विचारों की प्रासंगिकता' विषय पर विचार-विमर्श का आयोजन किया गया। स्वागत उद्बोधन में फादर ऐंटो ने कहा कि गांधी जी का विचार शांति का मार्ग शांति ही है आज भी शांति की आशा रखने वाले प्रत्येक व्यक्ति के लिए अत्यंत प्रासंगिक है। गलत मार्ग अपनाकर अच्छे परिणामों की अपेक्षा नहीं की जा सकती। विश्व में शांति स्थापित करने के लिए हमारे साधन और साध्य, दोनों ही शुद्ध एवं अहिंसक होने चाहिए। एडवोकेट कुरियन स्करिया ने कहा कि गांधी जी के विचारों ने विश्व के अनेक नेताओं को प्रभावित किया है और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। लेकिन विडंबना यह है कि भारत में ही गांधी जी के विचारों की प्रासंगिकता कुछ हद तक 'घर का जोगी जोगड़ा, आन गाँव का सिद्ध' जैसी स्थिति में पहुँच गई है। कार्यक्रम में इंजीनियर रुद्रेश तिवारी, सुश्री उपासना दीक्षित, अजय तुलसी, डॉ. सुधीर सिगई और नीरज पचैरी ने अपने विचार व्यक्त किए। लॉरेल्स स्कूल के बच्चों ने गांधी जी के प्रिय भजनों पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में दिव्यांग रितेश नेमा को वॉकर प्रदान किया गया। इस सेवा कार्य के माध्यम से गांधी जी के सेवा, करुणा और मानवता के संदेश को साकार करने का प्रयास किया गया। हेमवीर साहनी ने आभार प्रदर्शन किया, जबकि श्रीमती रितु तोमर ने कुशलतापूर्वक कार्यक्रम का संचालन किया।

## 12.7 ग्राम स्मैक सहित आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। विगत दिवस थाना करेली पुलिस टीम अपराध पतासाजी एवं संदिग्ध व्यक्तियों की निगरानी हेतु क्षेत्र में रवाना थी। इसी दौरान रेल्वे लाईन, लालपुल के पास रास्ते पर एक व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर भागने लगा। संदेह होने पर पुलिस टीम द्वारा उक्त व्यक्ति को पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम ओमप्रकाश पिता ज्ञानी प्रसाद कुर्मी, उम्र 25 वर्ष, निवासी ग्राम खमरिया, थाना करेली बताया। पुलिस द्वारा विधिवत तलाशी लेने पर आरोपी के पिस्ता रंग के पेंट की जेब में रखी पन्नी से लगभग 12.7 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 1.2 लाख रूपये है बरामद हुई। आरोपी को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध धारा 8ए21 (बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। आरोपी को हिरासत में लेकर बरामद स्मैक के स्रोत एवं अवैध मादक पदार्थ की सप्लाई से जुड़े नेटवर्क के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

## उत्कृष्ट पेंटिंग के लिए कलेक्टर ने काव्या को किया सम्मानित




**तेंदूखेड़ा** विगत दिनों प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर संपूर्ण भारत वर्ष में चल रहे सेवा संकल्प कार्यक्रमों की श्रंखला के चलते स्कूली बच्चों द्वारा भी विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया था जिसके चलते तेंदूखेड़ा की काव्या पिता विनोद नगरिया ने आर डी पी एस स्कूल से लखपति दीदी पर एक उत्कृष्ट पेंटिंग बनाई गई थी।जिले की एक एक हजार पेंटिंग में पहली श्रेष्ठ पेंटिंग बनाई गई जिसे कलेक्टर श्रीमति रजनी सिंह के द्वारा सम्मानित किया गया। काव्या त्यौहार विशेष पर भी अपनी कला को कागजों पर प्रदर्शित करती नजर आती है।

## कन्हेरी टोरिया जांच नहीं पहुंच पा रही अपने मुकाम तक



**तेंदूखेड़ा।** इन दिनों चांवरपाठा विकासखंड के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत खमरिया के ग्राम कन्हेरी में खसरा नंबर 55 रकबा 6.817 हेक्टेयर पर खनिज पट्टा लेकर डोलोमाइट लाइमस्टोन ब्लाक का खनिज पट्टा के चलते पर्यावरण सुरक्षा 15 हजार वृक्षों को काटने मार्बल खनन मापदंडों से अधिक ले जाने सहित विभिन्न विंदुओं को ग्राम पंचायत की सरपंच और तीन अन्य शिकायतकर्ताओं द्वारा जांच हेतु व्यापक स्तर पर शिकायत दर्ज कराई गई थी।जो काफी लंबे समय से सुर्खियों में बनी हुई है।जिसे लेकर कलेक्टर खनिज शाखा नरसिंहपुर के आदेश परिपालन में एक जांच टीम गठित की गई है। जिसमें अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तहसीलदार तेंदूखेड़ा वन परिक्षेत्र अधिकारी बरमान उपसंचालक भौमिकी सहायक भौमिकी विद क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर खनिज अधिकारी नरसिंहपुर खनिज निरीक्षक राजस्व निरीक्षक पटवारी कोटवार सहित शिकायत कर्ता स्वयं शामिल हैं। लेकिन यह जांच अभी तक अपने मुकाम तक नहीं पहुंच सकी है।दो बार मौके पर पहुंची टीम खाली हाथ ही वापिस लौट आई है। सीमांकन मुनारों पिलरों से शुरू हुई जांच जो काफी लंबे समय तक चली। तथा अन्य विंदुओं पर समयाभाव के चलते अगले दिवसों के लिए टली।जैसे तैसे विगत दिवस टीम कन्हैरी खदान क्षेत्र की पहाड़ी पर सागौन के पेड़ों की कथित कटाई और सीमांकन के लिए पहुंची टीम ई टी एस एम मशीन को स्थाई चांदा मुनारे उपलब्ध ना हो पाने के अभाव में टीम खाली हाथ फिर से लौट आई है।

### अब एक दूसरे पर लग रहे आरोप प्रत्यारोप

पहले दिन जांच करने पहुंची टीम के सामने जहां 15 हजार वृक्षों को स्वीकार करते हुए स्वयं पट्टाधारी पक्ष द्वारा शिकायत कर्ता और ग्राम पंचायत के सरपंच को ही वृक्ष काटने का आरोप लगाया है। वहीं शिकायत कर्ताओं की भी यही शिकायत पट्टाधारी पर है। वहीं दूसरी तरफ शिकायत कर्ता सरपंच के द्वारा हरिजन थाने में पूर्व में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसको शिकायत वापस लेने और इस विषय से दूर होने मनमाफिक राशि देने नहीं मानने पर ग्राम पंचायत की गतिविधियों में झूठा फंसा देने गाली गलोज करने जान से मारने की शिकायत दर्ज कराई है।जबकि स्वयं पट्टाधारी ने भी पुलिस थाने तेंदूखेड़ा में जाकर शिकायत दर्ज कराई है कि शिकायतकर्ता सरपंच के पुत्र द्वारा गाली गलौज और जान से मारने की धमकी दी गई है।जिस पर पुलिस ने दोनों को तलब किया है।इसी बीच शिकायत कर्ताओं का एक पक्ष तेंदूखेड़ा पुलिस में जाकर ज्ञापन भी सौंपा गया है कि शिकायत उठाने की दिशा में सरपंच के पुत्र पर दबाब बनाने की सोची-समझी रणनीति बनाई जा रही है। पुलिस से निष्पक्ष जांच की मांग की गई है।

### प्रशासन के गले की फांस बनीं जांच

इस जांच को लेकर एक टीम गठित की गई है। और पहले दिन ही जांच दल के समक्ष ब्लाक का पेंच डोलोमाइट के नाम पर कम रायल्टी या मार्बल ब्लाक की रायल्टी की दर आकृति आकार बदलकर रायल्टी वर्गीकरण का आरोप लगाया गया है। वहीं जांच दल इस विषय को गंभीरता से लेते हुए लेव टेस्टिंग के लिए नमूने भी भेज रही है। इस जांच को लेकर स्थाई सीमा चिन्ह ना होने तत्काल नये सुविधा अनुसार मुनारे बनाने और भू प्रवेश मिलने वर्षों से खनन चलने बेरियर जोन की शर्तों का उल्लखन तथा पूर्ण जांच तक तत्काल उत्खनन एवं परिवहन रोकने की मांग शिकायतकर्ताओं द्वारा की गई है।

### इनका कहना है

चूंकि यह विषय तो राजस्व वन और खनिज से जुड़ा हुआ है। इसमें दोनों पक्षों द्वारा मारने गाली गलौज करने को लेकर शिकायतें लिखित में दीं गई है जिनकी जांच करवा लेते हैं और वस्तुस्थिति से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करा देते हैं।

किशोर बामनकर
नगर निरीक्षक पुलिस थाना तेंदूखेड़ा

